AE-2026-HIN

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना, बिहार

वार्षिक परीक्षा – 2026

प्रश्न–पत्र

कक्षा–V | विषय–हिन्दी

समय– 2 घंटे | पूर्णांक–50

सामान्य निर्देश

- इस प्रश्न–पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके लिए निर्धारित अंक एवं निर्देश अंकित हैं।

---

1. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5x2=10

[गड़ेरिया, संदूक, बरसात, राज, आयुर्वेद]

(क) आचार्य 'चरक' .... के महान जानकार थे।

(ख) असलम ने अम्मी को ....की बात बताई।

(ग) भेड़–बकरी आदि पशुओं को चराने वाले को .... कहते हैं।

(घ) राजा के दरबार में एक व्यापारी ....के साथ पहुँचा।

(ङ) .... का महीना ननकू को बहुत प्रिय था।

3. दिये गए कथनों में सही के सामने (✓) एवं गलत के सामने (✕) का निशान लगाइए।5x2=10

(क) गुरुजी ने शिष्यों को परीक्षा के लिए 30 दिन दिए। [ ]

(ख) अंधेर नगरी पाठ एक कहानी है। [ ]

(ग) 'मरता क्या न करता' पाठ के लेखक विष्णु पोट्टि हैं। [ ]

(घ) किसी भी जगह का पिनकोड 6 अंकों का होता है। [ ]

(ङ) मदन अपनी विधवा माँ के साथ गाँव में रहता था। [ ]

3. स्तंभ 'अ' का उपयुक्त मिलान स्तंभ 'ब' से कीजिए– 5 x 2 = 10

स्तंभ 'अ'	स्तंभ 'ब'
(क) 'नाज़' का अर्थ है	(i) काया
(ख) रात्रि का विलोम शब्द है	(ii) समय नष्ट करना
(ग) व्रत करने वाला	(iii) गर्व
(घ) 'शरीर' का पर्यायवाची शब्द	(iv) दिवस
(ङ) 'दिन गंवाना' मुहावरे का अर्थ है	(v) व्रती

लघु उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 50 शब्दों में उत्तर दीजिए) 2 x 5 = 10

4. (क) असलम ने मोहन की मदद क्यों की?

(ख) मदर टेरेसा के अनुसार जीवन का मूल मंत्र क्या है?

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 100 शब्दों में उत्तर दीजिए) 1 x 10 = 10

(क) 'अंधेर नगरी' एकांकी में आपको जो घटना सबसे अच्छी लगी हो उसे कहानी के रूप में लिखिए।

अथवा

छठ पर्व की कौन–सी बात आपको सबसे अच्छी लगती है और क्यों?